भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †151
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आईटीडीसी होटलों को व्यवस्थित करने के लिए कदम

†151. **श्री सुमेधानन्द सरस्वती**:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने में भारत पर्यटन विकास निगम की क्या भूमिका है और इस समय देश में आईटीडीसी के कितने होटल चल रहे हैं;

(ख) क्या सरकार ने हाल के वर्षों में आईटीडीसी को हुए भारी घाटे पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त होटलों की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): देश में पर्यटन के संवर्धन और विकास में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) वर्ष 1966 से अपना योगदान दे रहा है। वर्तमान में यह निम्नलिखित स्तरों पर कार्य कर रहा है:-

- अशोक ग्रुप ऑफ होटल्स: वर्तमान में आईटीडीसी/जेवी कम्पनी द्वारा निम्नलिखित होटल चलाए जा रहे हैं: नई दिल्ली में अशोक होटल और होटल सम्राट, होटल कलिंग अशोक (भुवनेश्वर, ओडिशा)। द अशोक बीच रिजॉर्ट, पुदुचेरी के साथ पीआईपीडीआईसीएल संयुक्त उद्यम कम्पनी होटल है।
- अशोक ट्रैवल तथा टूर्स (एटीटी): यह एयर टिकटिंग, कार रेंटल सेवा तथा कार्गो हैंडलिंग जैसी विभिन्न यात्रा संबंधी सेवाएं प्रदान करता है।
- अशोक कंसल्टेंसी एंड इंजीनियरिंग सेवाएं (एसीईएस): यह मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों की विभिन्न परियोजनाओं के लिए कार्यकारी/कार्यान्वयन एजेंसी है।
- अशोक ईवेंट्स डिविज़न: यह मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों के विभिन्न पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के लिए कार्यकारी/कार्यान्वयन एजेंसी है।
- अशोक इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (एआईएचटीएम): यह विभिन्न कौशल विकास, कौशल परीक्षण, प्रमाणन और उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का संचालन करता है।
- अशोक इंटरनेशनल ट्रेड डिविज़न (एआईटीडी): वर्तमान में यह अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए 14 समुद्री पत्तनों/स्थानों में ड्यूटी फ्री शॉप्स चलाता है।

(ख): कोविड-19 के प्रभाव और लॉकडाउन संबंधी प्रतिबंधों के कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोड़कर पिछले 5 वर्षों में आईटीडीसी को हानि नहीं हुई है। पिछले पाँच वर्षों में कम्पनी की लाभ की स्थिति करोड़ भारतीय रु. में नीचे दी गई है:-

वित्तीय वर्ष	**कारोबार**	**कर पूर्व लाभ (पीबीटी)**

2018-19	379.97	55.33
2019-20	366.29	37.04
2020-21	197.36	-26.61
2021-22	305.34	7.62
2022-23	476.43	85.94

वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2022.23 में आईटीडीसी ने पिछले वित्तीय वर्ष के 305.34 करोड़ रु. के कुल कारोबार की तुलना में 56% की उल्लेखनीय बढ़त दर्शाते हुए 476.43 करोड़ भारतीय रु. के कारोबार के साथ महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन दर्ज किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) पिछले वर्ष के 7.62 करोड़ रु. की तुलना में 11 गुना अधिक 85.94 करोड़ रु. और वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वर्ष के 4.38 करोड़ रु. की तुलना में 14 गुना अधिक 60.33 करोड़ रु. के साथ लाभ में वृद्धि भी समान रूप से उल्लेखनीय रही है।

दिनांक 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त छमाही में आईटीडीसी ने पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में 195.37 करोड़ रु. के राजस्व की तुलना में 31% की वृद्धि के साथ 255.04 करोड़ रु. का कारोबार किया है।

आईटीडीसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूर्वाद्ध में 50.9 करोड़ रु. का कर पूर्व लाभ और 37.4 करोड़ रु. का निवल लाभ प्राप्त किया जो पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के क्रमशः 33.2 करोड़ रु. और 23.3 करोड़ रु. की तुलना में क्रमशः 53% और 60% अधिक है।

(ग): आईटीडीसी के लाभ को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए अनेक कदम निम्नानुसार हैं:-

क) अशोक होटल के कुछ कमरों का नवीकरण। हाल ही में नए लाइसेंस प्राप्त एफ एंड बी आउटलेट और हेल्थ क्लब/स्पा जोड़े गए।

ख) सम्राट होटल, नई दिल्ली में 48 अतिथि कक्षों का नवीकरण, मेन लॉबी को बेहतर बनाना, अतिथियों के लिए नया स्विमिंग पूल और एक नया लाइसेंस प्राप्त एफ एंड बी आउटलेट।

ग) ऑनलाइन रूम बुकिंग के लिए अधिकांश ऑनलाइन यात्रा एजेंटों के साथ टाई-अप किए गए हैं।

- अनेक केन्द्रीय मंत्रालयों, सरकारी विभागों, स्वायत्तशासी निकायों आदि द्वारा भारत में तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु अशोक ईवेंट्स डिविज़न की सेवाएं ली गई हैं।
- आईटीडीसी का ड्यूटी फ्री डिविजन लाभप्रद रहा है और आज की स्थिति में जब महामारी के कारण अधिकांश यात्रा एवं पर्यटन संबंधी व्यवसाय अत्यधिक प्रभावित हुआ है, तब आईटीडीसी का ड्यूटी-फ्री व्यवसाय आईटीडीसी और भारत सरकार के लिए निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है।

****